**विधान परिषद के द्वितीय सत्र-2022 के प्रथम सोमवार हेतु निर्धारित श्री अशोक कुमार, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या-8 का उत्तर :-**

.......................................................................................

| | प्रश्न | उत्तर |
|---|---|---|
| 8- (क) | क्या लोक निर्माण मंत्री बतायेंगे कि अमित सिंह चौहान, विधायक, बीकापुर, फैजाबाद का पत्र दिनांक 07 व 19 जून, 2022 एवं दिनांक 19 जुलाई 2022 जो मुख्य मंत्री एवं प्रमुख सचिव, लोक निर्माण विभाग, उत्तर प्रदेश शासन को सम्बोधित विधान सभा क्षेत्र बीकापुर, जनपद- अयोध्या के अन्तर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग-28 के कि0मी0 93 के किनारे स्थित पुराने डाक बंगले परिसर 20 सूटकक्ष के निरीक्षण गृह एवं 60 से 70 व्यक्तियों हेतु मींटिग हाल का निर्माण लोक निर्माण विभाग, अयोध्या द्वारा कराये जाने के कार्य में मानक रहित सामग्री का प्रयोग किये जाने के सम्बन्ध में था, प्राप्त हुआ था? | जनपद अयोध्या के विधान सभा क्षेत्र बीकापुर के अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग-28 के कि0मी0 93 के किनारे स्थित पुराने डाक बंगले परिसर 20 सूटकक्ष के निरीक्षण गृह एवं 60 से 70 व्यक्तियों हेतु मींटिग हाल का निर्माण कराये जाने विषयक मा0 सदस्य द्वारा मा0 मुख्यमंत्री जी एवं प्रमुख सचिव, लोक निर्माण विभाग को सम्बोधित पत्र दिनांक 19.07.2022 कार्यालय में प्राप्त हुए हैं। |
| (ख) | यदि हाँ, तो उक्त पत्रों में वर्णित क्रमांक 01 से 05 तक बिन्दुओं की निरीक्षण भवन के निर्माण कार्य की जॉच उच्च स्तरीय टी0ए0सी0 जॉच टीम से कराकर दोषियों के विरूद्ध दण्डात्मक कार्यवाही करते हुए भवन निर्माण मानक के अनुरूप निर्मित कराया जायेगा? | मा0 सदस्य के उक्त शिकायती पत्र में उल्लिखित निर्माण कार्य से सम्बन्धित शिकायतों की जॉच किये जाने हेतु शासनादेश दिनांक 04.08.2022 द्वारा मुख्य प्राविधिक परीक्षक, प्राविधिक सम्परीक्षा कोष्ठ, लोक निर्माण विभाग, लखनऊ को निर्देशित कर दिया गया है। |
| (ग) | क्या पत्र में वर्णित बिन्दुओं की जॉच टी0ए0सी0 जॉच एजेंसी से कराते हुए निर्माण कार्यों की अनियमितता करने वाले दोषी अधिकारियों के विरूद्ध कार्यवाही करायेंगे? | उपरोक्तानुसार। |
| (घ) | यदि हाँ, तो कब तक? | उपरोक्तानुसार। |
| (ड़) | क्या मानक के अनुरूप उक्त निर्माण कार्य टेक्निकल एजेंसी से करायेंगे? | निर्माण कार्य लोक निर्माण विभाग की देख-रेख में कराया जा रहा है। |
| (च) | यदि नहीं, तो क्यों? | प्रश्न नहीं उठता। |

**जितिन प्रसाद,**
**मंत्री।**